डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0
सेक्टर—11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ—226031

पंत्राकः— ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2021 / 591 दिनांक 13 अगस्त, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के अन्तर्गत "तिरंगा के साथ सेल्फी" (Selfie with Tiranga) अपलोड कराये जाने एवं विभिन्न नगरों / ग्रामों में प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 1640 / चार—2022 दिनांक 12 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें (प्रति संलग्न)। शासन द्वारा उक्त पत्र के माध्यम से देश की स्वाधीनता को हर्षोउल्लास एवं व्यापक जनभागीदारी से मनाये जाने के निमित्त दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 की अवधि में समस्त आवासों एवं गैर आवासीय भवनों पर तिरंगा ध्वज फहराये जानें / प्रदर्शित किये जाने हेतु जनसामान्य को प्रेरित करने के सम्बन्ध में समय—समय पर विस्तृत दिशा—निर्देश निर्गत किये गये गये है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि शासन के उक्त पत्र में दिये गये आवश्यक दिशा—निर्देश के क्रम में "तिरंगा के साथ सेल्फी" लेने एवं उसे (www.harghartiranga.com) पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय

13.8.22

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

प्रतिलिपिः स्टाफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, ए0के0टी0यू0 को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ प्रेषित।

(डॉ0 आर0 के0 सिंह)
उप कुलसचिव

संख्या– 1640/चार–2022

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 12 अगस्त, 2022

विषय–'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अन्तर्गत "तिरंगा के साथ सेल्फी" (Selfie with Tiranga) अपलोड कराये जाने एवं विभिन्न नगरों/ग्रामों के प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

देश की स्वाधीनता की 75वीं वर्षगांठ को हर्षोल्लास एवं व्यापक जनभागीदारी से मनाये जाने के निमित्त दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 की अवधि में समस्त आवासों एवं गैर आवासीय भवनों पर तिरंगा ध्वज फहराये जाने/प्रदर्शित किये जाने हेतु जनसामान्य को प्रेरित करने के संबंध में समय–समय पर विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं, जिनमें से एक प्रमुख निर्देश नागरिकों को **"तिरंगा के साथ सेल्फी"** लेने एवं उसे www.harghartiranga.com पोर्टल पर अपलोड करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करने के संबंध में भी है।

2– उपरोक्त के कियान्वयन हेतु निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही अपेक्षित है :–

(1) भारत सरकार के पोर्टल www.harghartiranga.com का विभिन्न माध्यमों यथा प्रिन्ट व इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स(ट्विटर, फेसबुक, इन्सटाग्राम, कू आदि) पर व्यापक प्रचार–प्रसार कराया जाय।

(2) प्रदेश के समस्त 75 जनपदों के प्रमुख नगरों में प्रमुख स्थलों यथा–शॉपिंग मॉल्स, मार्केट प्लेस, कॉलेज, विश्वविद्यालय, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, शहीद स्मारक, पुरातात्विक स्मारक, पार्क आदि पर नागरिकों के लिये आकर्षक सेल्फी प्वाइंट बनाये जायें एवं लोगों को सेल्फी लेने हेतु प्रेरित किया जाये। इन सेल्फी प्वाइंट्स पर सेल्फी अपलोड करने का पोर्टल www.harghartiranga.com लिखते हुए सेल्फी अपलोड करने की प्रक्रिया प्रदर्शित की जाये।

(3) नागरिकों से सेल्फी अपलोड कराने मेंएन0सी0सी0 कैडेट्स/एन0एस0 एस0/स्काउट गाइड/नेहरू युवा केन्द/विभिन्न नागरिक संगठनों के वालंटियर्स आदि का सहयोग लिया जाये।

3– चूंकि किसी भी राज्य/जनपद की प्रगति पोर्टल पर पिन किये गये झंडो/सेल्फी से आंकी जायेगी, अतः उक्त सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
12/08/2022
(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।

2– शासन द्वारा नामित समस्त नोडल अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि कृपया प्रश्नगत बिन्दु पर प्रगति की समीक्षा करने का कष्ट करें।

3– अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, पंचायतीराज/नगर विकास/आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन।

4– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

5– स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

6– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 को इस आशय से कि व्यापक प्रचार–प्रसार